परिवार को दें पूरी सुरक्षा

समझ-बूझ

जीवन बीमा पॉलिसी आपके पूरे परिवार को पूर्ण सुरक्षा कवच देती है। परिवार को किसी भी असमय जोखिम से बचाने के लिए पॉलिसी लेने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। आइए जानते हैं कि किन बिंदुओं पर विचार आवश्यक है।

● **अपना विश्लेषण** : सबसे पहले तो परिवार के आकार और अपनी मौजूदा वित्तीय आवश्यकताओं का विश्लेषण करें। यह भी आकलन करें कि भविष्य में आपकी जरूरतें कहां तक पहुंचेंगी। क्या आप अपने परिवार में अकेले कमाने वाले हैं? पॉलिसी लेते वक्त आप कितनी बचत कर रहे हैं और भविष्य की जरूरतों के हिसाब से और कितनी बचत की आवश्यकता है?

● **विकल्पों का आकलन** : मौजूदा उम्र के लिहाज से आप जीवन बीमा उत्पादों के विभिन्न विकल्पों का आकलन करें। परिवार की बुनियादी जरूरतों के लिहाज से आप टर्म प्लान पर भी विचार कर सकते हैं। विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए स्वास्थ्य, बचत, चाइल्ड और अन्य प्लानों का चयन अपनी जरूरत के हिसाब से कर सकते हैं।

● **शोध** : अपने लिए बीमा राशि तय करने और बीमा उत्पाद का चयन करने के बाद आवश्यकता है बीमा उत्पाद की पूरी जानकारी प्राप्त करना। इसमें मिलने वाले सभी लाभों और शर्तों की पूरी जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है।

● **प्रीमियम की गणना** : बीमा उत्पाद तय कर लेने के बाद जोखिम कवर के लिहाज से देय प्रीमियम की गणना करें।

● **ऑफर दस्तावेज का अध्ययन** : बीमा उत्पाद खरीदने से पहले उसके ऑफर दस्तावेज का ध्यानपूर्वक अध्ययन बेहद आवश्यक है। जल्दबादी न करें और दस्तावेज पूरा पढ़ें। यदि किसी बिंदु को लेकर थोड़ा भी संशय है तो बेझिझक अपने बीमा एजेंट से उस पर बात करें, उसे समझें। अपने एडवाइजर से सवाल करने में झिझकें नहीं।

● **अंतिम निर्णय** : जीवन बीमा खरीदने से पहले उसका संपूर्ण अध्ययन, विश्लेषण और जो उत्पाद आप खरीद रहे हैं उसमें पूरा भरोसा होना बेहद जरूरी है। खरीदने के बाद भी अगर कोई संशय हो और कंपनी उसका निवारण नहीं कर पा रही है तो आप फ्री लुक अवधि में पॉलिसी कंपनी को वापस कर सकते हैं।

इन साधारण नियमों का पालन कर आप अपने परिवार को सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। जीवन बीमा एक दीर्घकालिक वित्तीय उत्पाद है जो आपके परिवार के लिए वित्तीय आधार बनता है। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के सीईओ अनूप राउ के मुताबिक इसीलिए यह जरूरी है कि आप ऐसी पॉलिसी चुनें जो आपके न रहने पर भी आपके परिवार के जीवन स्तर को उसी स्तर पर बनाए रखने में सक्षम हो तो उसे आपके रहते प्राप्त है।